18
15/5/24

न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा – पत्र

उनवान कन्हैयालाल बनाम साहब लाल किस्म मुकदमा –धारा 223

अपील संख्या 2024/50 अभिभाषक अपीलांट श्री दीपक कुमार साहू

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर या तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.4.24	यह अपील अभिभाषक अपीलांट द्वारा दिनांक 13–02–2024 को पेश किया गया। सरिस्ते की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपील उपखण्ड अधिकारी मांगरोल के निर्णय एवं प्राथमिक डिक्री दिनांक 25–03–2011 के विरूद्ध पेश की गयी है। अपील पर अभिभाषक अपीलांट की एक तरफा एडमिशन बहस एवं धारा –5 मियाद अधिनियम प्रार्थना पर बहस सुनी गयी। पत्रावली वास्ते आदेश अपील दर्ज रजिस्टर हेतु दिनांक 07.05.2024 का पेश हो। (ममता कुमारी तिवारी) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	
7.5.24	पत्रावली वास्ते आदेश अपील दर्ज रजिस्टर हेतु पेश हुई। हमने प्रस्तुत अपील एवं सलंग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया तथा अभिभाषक अपीलांट की बहस पर मनन किया। प्रस्तुत अपील में अभिभाषक अपीलांट धारा – 5 मियाद अधिनियम प्रार्थना पत्र में ऐसा कोई समुचित कारण पेश नहीं किया जिससे यह साबित होता हो कि अपीलांट को अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय की जानकारी 13 वर्षो के बाद प्राप्त हुई। अतः धारा 5 मियाद अधिनियम में विलंब का कारण साबित नहीं किये जाने के कारण यह अपील इसी स्तर पर खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (ममता कुमारी तिवारी) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	

न्यायालय श्रीमान् भूप्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व
अपील प्राधिकारी कोटा (राज0)

अपील संख्या :   /2024

1. कन्हैयालाल पुत्र श्री केसरीलाल जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)
2. बादाम बाई बेवा केसरीलाल जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)

– **अपीलान्ट्स**

बनाम

1. साहबलाल पुत्र श्री रामनारायण जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)
2. सुशीला बाई बेवा धर्मवीर जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)
3. सोनू बाई नाबालिग पुत्री स्व0 धर्मवीर जर्ये वली माता सुशीला बाई जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)
4. पूजा बाई नाबालिग पुत्री स्व0 धर्मवीर जर्ये वली माता सुशीला बाई जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)
5. बीरम देव पुत्र रामरतन जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)
6. सुखपाल उर्फ शिशुपाल पुत्र श्री रामनारायण जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0) (मृतक) जर्ये कायममुकाम–

Shaky/deepaksahu/apeal/
rajsv pradhikari/115

...Cont.2

कन्हैयालाल

नि० अ० बादामबाई

6/1 कैला बाई पत्नी स्व0 सुखपाल उर्फ शिशुपाल जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारां हाल निवासी कनाडा उपतहसील सीसवाली जिला बारां राज0

6/2 राममूर्ति बाई पत्नी राजाराम पुत्री स्व0 श्री सुखपाल उर्फ शिशुपाल जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारा हाल निवास जालोडा खातियान, तहसील पीपल्दा जिला कोटा

6/3 गायत्री बाई पत्नी रामचरण पुत्री स्व0 श्री सुखपाल उर्फ शिशुपाल जाति मीणा निवासी बोरदा तहसील मांगरोल जिला बारा हाल निवासी पापडली, तहसील सीसवाली जिला बारां राज0

7. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां राज0

– रेस्पोडेन्ट्स

अपील विरूद्ध निर्णय एवं प्राथमिक डिकी दिनांक 25.03.2011
न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी मांगरोल
बउनवान सुखपाल उर्फ शिशुपाल बनाम
साहबलाल व अन्य मुकदमा संख्या 220/2007
अपील अन्तर्गत धारा 223 आर.टी. एक्ट

मान्यवर,

अपीलान्ट्स निम्न अपील प्रस्तुत करते है–

संक्षेप मे तथ्य इस प्रकार है कि रेस्पोडेन्ट कम 6/1 लगायत 6/3 के पति पिता द्वारा एक वाद बाबत बटवारां एवं घोषणा अन्तर्गत धारा 53, 88, 89, 92 आरटीएक्ट पेश किया कि स्व0 रामनारायण पुत्र मथुरालाल के खाते में ग्राम किशनपुरा व ग्राम बोरदा मे निम्न आराजी स्थित है। ग्राम किशनपुरा मे खसरा नं0 24 रकबा 9 बीघा 2 बिस्वा, खसरा नं0 23 रकबा 17 बीघा 14 बिस्वा, खसरा नं0 14

aky/deepaksahu/apeal/
sv pradhikari/116

...Cont.3